बी.पी.ओ. सेंटर के माध्यम से मिलेगा युवाओं को रोजगार, महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में हुई एमआईसी की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

भिलाई नगर/ सुपेला पुरानी बस्ती आबादी भूमि में निवासरत् परिवारों को आबादी पट्टा प्रदान किये जाने की महापौर परिषद से स्वीकृत प्रदान किये गये साथ में नगर विकास के विभिन्न प्रस्ताओं पर विचार किया गया। महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल, अध्यक्षता आयुक्त रोहित व्यास एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में आहुत हुई, बैठक में विभिन्न सामाजो से भूमि आबंटन हेतु प्राप्त प्रस्ताव पर विस्तृत विचार किया गया और नजूल भूमि के आबंटन हेतु जिलाधीश कार्यालय तथा निगम क्षेत्र के भूमि पर आबंटन की मांग को सामान्य सभा के माध्यम से राज्य शासन को भेजे जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया। पुरानी बस्ती सुपेला के निवासियों को उनकी भूमि का मालिकाना हक देने के लिए महापौर परिषद ने आबादी पट्टा प्रदान किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृत करते हुए प्रकरण सामान्य सभा के माध्यम से शासन को भेजे जाने की अनुमति प्रदान की गई है। जोन- 02 वैशालीनगर क्षेत्र में साफ्टवेयर एवं हार्डवेयर सहित बी.पी.ओ. संचालन की स्वीकृति प्रदान किया गया, ताकि इसके माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सके। वार्ड 08 कृष्णानगर गांधी चैंक तथा वार्ड 09 राजीव नगर गौतम नगर में स्थित 28 वर्ष पुराना जर्जर शौचालय भवन को ध्वस्त करने की अनुमति प्रदान किया गया है उसके स्थान पर नया शौचालय भवन का निर्माण किया जा सके। शासन की योजना रोका छेका के तहत सड़क पर आवारा घुमने वाले मवेशियों की धड़पकड़ की कार्यवाही की जा रही , पशुपालकों द्वारा गौठान में बंद अपने पशुओं को अर्थदण्ड का भुगतान कर पुनः प्राप्त करते है। जिसके अर्थदण्ड की राशि में वृद्धि के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान किया गया है। प्लेसमेंट कम्प्युटर आॅपरेटर, आवश्यकता, जलकार्य हेतु श्रमिक की उपलब्धता तथा वाहन शाखा हेतु उच्च कुशल, कुशल एवं अद्र्धकुशल वाहन चालक हेल्फर उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को भी महापौर परिषद ने स्वीकृति प्रदान किया है। विभिन्न चैंक के नामकरण प्रस्ताव को सामान्य सभा की आगामी बैठक में रखे जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया। साथ ही जोन 01,02,03,04 में गौठान संचालन तथा गोबर क्रय हेतु महिला स्व सहायता समूह के कार्यकाल में वृद्धि के प्रस्ताव तथा आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति को विधिवत स्वीकृति प्रदान किया गया है। बैठक में परिषद के सदस्य लक्ष्मी पति राजू , सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, लाल चंद वर्मा, केशव चैबे, चन्द्रशेखर गंवई, श्रीमती मालती ठाकुर, रीता सिंह गेरा, नेहा साहू, मीरा बंजारे सहित जोन आयुक्त एवं विभागीय सचिव उपस्थित रहे।